संसद सदस्यों ने डा. राजेन्द्र प्रसाद को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 03 दिसम्बर, 2014: प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी; लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन; केन्द्रीय शहरी विकास, आवास और शहरी गरीबी उन्मूलन तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री एम. वेंकैया नायडू; विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री डा. हर्षवर्धन; पूर्व प्रधनमंत्री डा. मनमोहन सिंह, राज्य सभा के उपसभापति प्रो. पी.जे. कुरियन; लोक सभा के उपाध्यक्ष डा. एम. तम्बिदुरै; और पूर्व उप प्रधानमंत्री श्री लाल कृष्ण आडवाणी ने डा. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर आज संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की ।

डा. राजेन्द्र प्रसाद को श्रद्धांजलि देने वाले अन्य लोगों में अनेक केन्द्रीय मंत्री; संसद सदस्य और पूर्व संसद सदस्य शामिल थे । लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्रा और राज्य सभा के महासचिव श्री शमशेर के. शैरिफ ने भी डा. राजेन्द्र प्रसाद को पुष्पांजलि अर्पित की ।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित डा. राजेन्द्र प्रसाद के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई ।

डा. राजेन्द्र प्रसाद के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डा. एस. राधाकृष्णन ने 5 मई, 1964 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में किया था ।